SUS/23-24/AUG/18 **दिनांक: 30.08.23**

प्रिय अभिभावक,

सादर अभिवादन !

जैसा हम सभी जानते हैं कि संपूर्ण देश में हिंदी भाषा के उत्थान एवं विकास हेतु दिनांक 1 सितंबर से 15 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा तथा दिनांक 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। अतः आपको सूचित करते हुए हमें अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि हिंदी भाषा को बढ़ावा देने हेतु स्टेप अप स्कूल द्वारा दिनांक 6 सितंबर को कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों हेतु 'प्रश्नोत्तरी' तथा 'चित्र देखो और कहो कहानी' नामक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों हेतु मुहावरा-अंताक्षरी, कविता-वाचन, अनुच्छेद-लेखन, नारा-लेखन, दोहावली जैसी रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। उपरोक्त सभी गतिविधियों हेतु विषय अध्यापिका द्वारा छात्रों का समुचित मार्गदर्शन किया जाएगा।

भवदीय

स्टेप अप स्कूल